भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 2331

उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 3 अगस्त, 2026

12 श्रावण,1948 (शक)

संरक्षित स्मारकों का संरक्षण और रखरखाव

2331. **श्री रमासहायम रघुराम रेड्डीः**

कैप्टन विरयाटो फर्नांडीसः

श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमाः

श्रीमती ज्योत्स्ना चरणदास महंतः

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विशेषकर छत्तीसगढ़ में जिला-वार जैसे सिरपुर में लक्ष्मण मंदिर और भोरमदेव मंदिर सहित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के तहत ऐसे केंद्रीय संरक्षित स्मारकों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है, जिनकी पहचान तत्काल संरक्षण, मरम्मत या अतिक्रमण से सुरक्षा की आवश्यकता वाले स्मारकों के रूप में की गई है;

(ख) वर्ष 2022 से राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार, और विशेषकर छत्तीसगढ़ में एएसआई स्मारकों के रखरखाव और मरम्मत के लिए बजटीय आवंटन तथा वास्तविक व्यय का ब्यौरा क्या है;

(ग) रायपुर सर्कल सहित एएसआई में पुरातत्वविदों, संरक्षण सहायकों, इंजीनियरों, स्थल-सुरक्षा कर्मियों और अन्य तकनीकी कर्मचारियों सहित श्रेणी-वार वर्तमान स्वीकृत संख्या और रिक्तियों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने संरक्षित स्मारकों के संरक्षण और रखरखाव पर श्रमशक्ति और वित्तीय बाधाओं के प्रभाव का आकलन किया है और यदि हों, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) रखरखाव, संरक्षण या आगंतुक प्रबंधन के लिए वर्तमान में निजी संस्थाओं, कॉर्पोरेट निकायों या अन्य संगठनों को सौंपे गए स्मारकों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(च) क्या छत्तीसगढ़ के किसी ऐतिहासिक स्मारक को आगंतुक प्रबंधन और रखरखाव के लिए 'अडॉप्ट ए हेरिटेज' योजना के तहत निजी संस्थाओं को प्रस्तावित किया गया है या सौंपा गया है;

(छ) क्या सरकार ने ऐसी संस्थाओं द्वारा, विशेषकर गोवा के पुराने गोवा/वेल्हा गोवा गांव में, एएसआई के तहत संरक्षित क्षेत्रों में संरचनाओं के निर्माण के रूप में निर्धारित संरक्षण मानदंडों के गैर-अनुपालन, अपर्याप्त रखरखाव या उल्लंघन के किसी मामले की पहचान की है; और

(ज) यदि हाँ, तो इसका ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

संस्कृति और पर्यटन मंत्री

(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के क्षेत्राधिकार में छत्तीसगढ़ के सिरपुर में लक्ष्मण मंदिर और भोरमदेव मंदिर सहित देश भर में 3688 केंद्रीय संरक्षित स्मारक और स्थल हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, राष्ट्रीय संरक्षण नीति, 2014 और प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीक स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 के अनुसार, इन स्मारकों और स्थलों का संरक्षण करता है। इन सभी स्मारकों और स्थलों का संरक्षण और दिन-प्रतिदिन रखरखाव, आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार नियमित रूप से किया जाता है। ये सभी स्मारक और स्थल भली-भाँति परिरक्षित हैं।

(ख): वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 तक छत्तीसगढ़ सहित देश भर में, केंद्रीय संरक्षित स्मारकों के संरक्षण, अनुरक्षण और रखरखाव के लिए आवंटित बजट और व्यय का राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों-वार ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है।

(ग): रायपुर मंडल सहित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में पुरातत्वविदों, संरक्षण सहायकों, अभियंताओं और अन्य तकनीकी कर्मचारियों का ब्यौरा क्रमशः अनुबंध-II और अनुबंध-III में दिया गया है।

(घ): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में कार्मिकों की आवश्यकता की निरंतर समीक्षा की जाती है, इसके लिए विभिन्न मंडलों में स्वीकृत संख्या को आधार बनाया जाता है जो कार्य की आवश्यकता, उनके अधिकार क्षेत्र में आने बाने केन्द्रीय संरक्षित स्मारक की संख्या और अन्य प्रशासनिक बातों को ध्यान में रखकर निर्धारित की जाती है। केन्द्र सरकार द्वारा संरक्षित स्मारकों के संरक्षण, रखरखाव और प्रबंधन को पक्का करने के लिए उपलब्ध जनशक्ति की तैनाती की भी समय-समय पर समीक्षा की जाती है।

(ङ): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 के प्रावधानों के तहत केंद्रीय संरक्षित संस्मारकों तथा स्थलों की रक्षा, संरक्षण, परिरक्षण और रखरखाव के लिए अधिदेश दिया गया है। **एडॉप्ट-ए-हेरिटेज 2.0** कार्यक्रम के तहत, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण सार्वजनिक और निजी संस्थाओं के साथ मिलकर संरक्षित स्मारकों पर पर्यटक हेतु चुनिंदा सुविधाओं के विकास, प्रावधान और रखरखाव में मदद करता है। तथापि, ऐसी संस्थाओं की जिम्मेदारियां सख्ती से गैर-संरक्षण गतिविधियों तक ही सीमित हैं, जबकि केंद्र द्वारा संरक्षित स्मारकों/स्थलों का संरक्षण और अनुरक्षण भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किया जाता है। इस कार्यक्रम के तहत अब तक 31 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। इनका ब्यौरा अनुबंध-IV में संलग्न है।

(च): जहां तक **एडॉप्ट-ए-हेरिटेज 2.0** कार्यक्रम का संबंध है, छत्तीसगढ़ में किसी भी संरक्षित स्मारक के संबंध में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को किसी भी संस्था से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(छ) और (ज): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा पुराने गोवा में केंद्रीय संरक्षित स्मारकों के संरक्षण और अनुरक्षण का काम किसी भी निजी एजेंसी को नहीं सौंपा गया है।

अनुबंध-I

लोक सभा में दिनांक 03.08.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2331 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

विगत पांच वर्षों के दौरान संरक्षित स्मारकों के संरक्षण, परिसंरक्षण और पर्यावरण संबंधी विकास के लिए आवंटन और किए गए व्यय का विवरण

(राशि करोड़ रूपये में)

क्र. सं.	राज्य/केंद्र शासित प्रदेश का नाम	मंडल	2021-22		2022-23		2023-24		2024-25		2025-26	
			आवंटन	व्यय	आवंटन	व्यय	आवंटन	व्यय	आवंटन	व्यय	आवंटन	व्यय
1.	उत्तर प्रदेश	आगरा	19.35	19.35	21.27	21.15	23.52	23.52	15.90	15.90	16.30	16.30
		झांसी	4.15	4.15	7.00	7.00	5.82	5.82	6.10	6.10	8.95	8.95
		लखनऊ	10.44	10.44	19.03	19.03	16.93	16.93	8.91	8.91	8.30	8.30
		सारनाथ	5.50	5.50	10.15	10.15	11.32	11.32	7.62	7.62	10.21	10.21
		मेरठ	2.80	2.80	6.20	6.20	7.95	7.95	6.70	6.64	8.60	8.59
2.	महाराष्ट्र	औरंगाबाद	8.00	7.99	18.70	18.70	26.80	26.80	8.60	8.60	10.80	10.80
		मुंबई	12.00	12.00	15.35	15.35	15.56	15.56	18.19	18.19	16.94	16.94
		नागपुर	4.50	4.50	5.00	4.99	10.18	10.18	10.60	10.60	15.05	15.05
3.	कर्नाटक	बैंगलोर	9.75	9.75	19.85	19.85	17.34	17.34	8.55	8.55	13.51	13.51
		हम्पी	8.00	8.00	10.00	10.00	12.25	12.25	6.52	6.52	9.08	9.08
		धारवाड़	7.32	7.32	10.08	10.08	9.57	9.57	7.46	7.46	6.00	6.00
4.	मध्य प्रदेश	भोपाल	11.50	11.50	14.90	14.90	17.22	17.22	12.30	12.30	12.80	12.78
		जबलपुर	4.75	4.75	8.00	8.00	9.27	9.27	7.00	6.99	6.47	6.46
5.	ओडिशा	भुवनेश्वर/पुरी	8.23	8.23	13.18	13.17	12.29	12.29	11.50	11.37	10.04	10.03
6.	पश्चिम बंगाल,	कोलकाता (86)	7.67	7.57	10.16	10.16	9.10	9.10	6.01	6.01	4.83	4.82

7.	पश्चिम बंगाल, सिक्किम	रायगंज	5.00	5.00	7.00	7.00	8.00	8.00	6.10	6.10	8.40	8.40
8.	तमिलनाडु, पुडुचेरी	चेन्नई	8.00	8.00	11.45	11.45	12.95	12.95	13.15	13.14	10.70	10.70
		त्रिची	4.00	4.0	8.50	8.50	9.55	9.55	5.80	5.80	5.90	5.90
9.	पंजाब हरियाणा	चंडीगढ़	1.50	1.50	6.53	6.53	11.00	11.00	8.40	8.40	12.20	12.20
10.	हिमाचल प्रदेश	शिमला	1.15	1.15	8.90	8.90	5.00	5.00	2.80	2.79	2.10	2.10
11.	दिल्ली (एन. सी. टी.)	दिल्ली	19.10	19.08	30.50	30.35	36.14	36.14	24.95	24.94	42.02	42.00
12.	गोवा	गोवा	7.00	7.00	10.45	10.45	9.90	9.90	9.00	9.00	5.41	5.41
13.	असम मेघालय नागालैंड अरुणाचल प्रदेश	गुवाहाटी	3.30	3.30	7.44	7.44	8.78	8.78	5.72	5.71	4.46	4.46
14.	मणिपुर मिजोरम त्रिपुरा	आइजोल	1.25	1.25	2.00	2.00	1.29	1.29	1.26	1.25	1.30	1.30
15.	राजस्थान	जयपुर	7.53	7.53	10.28	10.28	12.75	12.75	10.91	10.91	8.40	8.40
		जोधपुर	4.50	4.50	7.65	7.65	10.65	10.65	9.25	9.24	8.90	8.90
16.	तेलंगाना	हैदराबाद	7.00	6.80	15.50	15.50	14.38	14.38	6.80	6.77	14.93	14.90
17.	आंध्र प्रदेश	अमरावती	5.75	5.75	11.60	11.60	14.70	14.70	12.90	12.90	15.35	15.35
18.	बिहार	पटना	3.35	3.35	9.00	9.00	16.00	16.00	8.73	8.73	15.30	15.30
19.	जम्मू और कश्मीर (केंद्र	श्रीनगर	2.55	2.55	6.11	6.03	7.17	7.17	4.90	4.89	5.95	5.95
20.	लद्दाख (केंद्र	लघु मंडल लेह	0.43	0.43	1.92	1.92	3.50	3.50	2.20	2.20	4.65	4.65
21.	केरल	त्रिशूर	6.82	6.82	7.50	7.50	7.09	7.09	6.30	6.30	4.42	4.42
22.	गुजरात दमन और दीव (केंद्र शासित प्रदेश)	वडोदरा	8.00	8.00	11.00	11.00	12.00	12.00	7.70	7.69	10.50	10.50
	गुजरात	राजकोट	2.50	2.50	3.09	3.09	2.50	2.50	3.0	3.00	4.84	4.84

									0			
23.	उत्तराखंड	देहरादून	3.75	3.75	4.85	4.85	5.42	5.42	5.10	5.10	6.80	6.80
24.	छत्तीसगढ़	रायपुर	4.78	4.78	7.50	7.50	5.94	5.94	8.19	8.19	16.51	16.51
25.	झारखंड	रांची	1.18	1.16	2.00	2.00	2.15	2.15	2.25	2.25	2.59	2.59
		रासायनिक संरक्षण	6.51	6.48	9.91	9.89	8.36	8.36	3.88	3.74	6.22	6.19
		बागवानी गतिविधि (अखिल भारतीय)	19.33	19.32	--	--	--	--	--	--	--	--
		महानिदेशक कार्यालय	11.74	11.73	3.15	2.77	13.19	13.19	2.17	2.15	1.11	1.08
		आरक्षित	0.02	0.00	--	--	--	--	--	--	0.04	0.00
		कुल	**270.00**	**269.57**	**392.71**	**391.93**	**443.53**	**443.53**	**313.43**	**313.04**	**376.88**	**376.67**

अनुबंध-II

लोक सभा में दिनांक 03.08.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2331 के भाग (ग) के उत्तर में संबंधित अनुबंध 03.08.2026.

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में पुरातत्वविदों, संरक्षण सहायकों, अभियंताओं और अन्य तकनीकी कर्मचारियों का विवरण।

क्रं.सं	संवर्ग	स्वीकृत पद	भरे हुए पद	रिक्त पद
1.	पुरातत्व	420	229	191
2.	संरक्षण (संरक्षण सहायकों और इंजीनियरों सहित)	831	384	447
3.	अन्य तकनीकी संवर्ग (सर्वेक्षक, ड्राफ्ट्समैन, विज्ञान, पुरालेख, बागवानी, वास्तुकार)	440	249	191
4.	विविध (पुस्तकालय, एम. टी. एस., प्रशासनिक, आशुलिपिक, फोटोग्राफर आदि)	7064	4820	2244
	कुल	**8755**	**5682**	**3073**

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में श्रेणी-वार स्टाफ की स्थिति के अनुसार, 2034 (अनारक्षित), 1983 (अन्य पिछड़ा वर्ग), 205 (आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग), 1048 (अनुसूचित जाति) और 412 (अनुसूचित जनजाति) के पद हैं।

अनुबंध-III

लोक सभा में दिनांक 03.08.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2331 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के रायपुर मंडल पुरातत्वविदों, संरक्षण सहायकों, इंजीनियरों और अन्य तकनीकी कर्मचारियों का विवरण

क्रं.सं.	संवर्ग	स्वीकृत पद	भरे हुए	रिक्त पद
1.	पुरातत्वविद्	4	2	2
2.	संरक्षण (अभियंता, संरक्षण सहायक)	14	7	7
3.	अन्य तकनीकी कर्मचारी	5	1	4
4.	विविध	45	30	15
	कुल	**68**	**40**	**28**

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के रायपुर मंडल में श्रेणी-वार स्टाफ की स्थिति इस प्रकार है-10 (अनारक्षित), 14 (अन्य पिछड़ा वर्ग), 2 (आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग), 8 (अनुसूचित जाति) और 6 (अनुसूचित जनजाति) हैं।

अनुबंध-IV

लोक सभा में दिनांक 03.08.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2331 के भाग (ड.) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

एडॉप्ट ए हैरिटेज 2.0 के तहत हस्ताक्षर किए गए समझौता ज्ञापनों का ब्यौरा

क्रं.सं.	स्मारक	इकाई	मंडल	राज्य
1.	अनेक स्थलों पर ऑडियो गाइड (18)	रेसबर्ड टेक्नोलॉजीज	---	---
2.	कुतुब मीनार	ईज़ माई ट्रिप फ़ाउंडेशन	दिल्ली	दिल्ली
3.	पुराना किला	सभ्यता फाउंडेशन	दिल्ली	दिल्ली
4.	सफदरजंग मकबरा	सभ्यता फाउंडेशन	दिल्ली	दिल्ली
5.	लाल किला	डालमिया भारत	दिल्ली	दिल्ली
6.	अजमेरी गेट	रेडटेप लिमिटेड	दिल्ली	दिल्ली
7.	दिल्ली गेट	रेडटेप लिमिटेड	दिल्ली	दिल्ली
8.	कश्मीरी गेट और मोरी गेट	रेडटेप लिमिटेड	दिल्ली	दिल्ली
9.	जंतर मंतर	एपीजे पार्क्स होटल	दिल्ली	दिल्ली
10.	खान -ए - खाना का मकबरा	इंटर ग्लोब एविएशन प्राइवेट लिमिटेड (इंडिगो)	दिल्ली	दिल्ली
11.	नजफ़ खान का मकबरा	सवास्दी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड	दिल्ली	दिल्ली
12.	उग्र सेन की बावली	ज़ी आकाश न्यूज़ प्राइवेट	दिल्ली	दिल्ली
13.	स्मारकों का समूह, हौज़ खास	टाटा पावर ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड	दिल्ली	दिल्ली
14.	जंतर मंतर	पावरलिंक्स ट्रांसमिशन लिमिटेड	दिल्ली	दिल्ली
15.	महरौली पुरातत्व पार्क	सभ्यता फाउंडेशन	दिल्ली	दिल्ली
16.	कमलापुर संग्रहालय	जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन	हम्पी	कर्नाटक
17.	मदरसा महमूद गवान	शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस	हम्पी	कर्नाटक
18.	प्राचीन मंदिरों का समूह, नारानाग	काकिनी बिल्डिंग ह्यूमैनिटी ट्रस्ट	श्रीनगर	कश्मीर
19.	पश्चिमी मंदिर समूह, खजुराहो	ईज़ माई ट्रिप फ़ाउंडेशन	जबलपुर	मध्य प्रदेश
20.	भीमबेटका के शैलाश्रय	एचईजी लिमिटेड	भोपाल	मध्य प्रदेश

21.	एलिफेंटा गुफाएँ	महेश एंटरप्राइजेज	मुंबई	महाराष्ट्र
22.	आगा खान पैलेस	डीसीबी बैंक	मुंबई	महाराष्ट्र
23.	कोणार्क सूर्य मंदिर	ईज़ माई ट्रिप फ़ाउंडेशन	पुरी	ओडिशा
24.	बाउरीअबानेरी	बिसलेरी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड	जयपुर	राजस्थान
25.	बाउरी नीमराना	बिसलेरी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड	जयपुर	राजस्थान
26.	पद्मा और रानी रणथंभौर किले के तालाब	बिसलेरी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड	जयपुर	राजस्थान
27.	कैलाशनाथर मंदिर	चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड	चेन्नई	तमिलनाडु
28.	ऐरावतेश्वर मंदिर	चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड	त्रिची	तमिलनाडु
29.	बाघ गुफाएँ	आउटशाइनी	चेन्नई	तमिलनाडु
30.	आगरा किला	ईज़ माई ट्रिप फ़ाउंडेशन	आगरा	उत्तर प्रदेश
31.	बुद्ध कालिंजर किले में बूढ़ी तालाब	बिसलेरी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड	झांसी	उत्तर प्रदेश

*****